सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग–2

मंगलवार, तिथि 12 चैत्र, 1935 (श0) / 02 अप्रील, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 55

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 17 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 11 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (4) परिवहन विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 01 |
| (6) उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | 03 |
| (7) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 06 |
| (8) समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (9) निबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (10) खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 02 |
| (11) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | .. | .. | 01 |
| (12) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग .. | 55 |

## निर्माण करना

*3354. श्रीमती देवंती यादव—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित अनुसूचित जाति छात्रावास की भूमि का अतिक्रमण चहारदीवारी नहीं रहने के कारण कर लिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त छात्रावास की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## प्रदूषण रोकना

*3355. श्री संजय सिंह टाईगर—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गिदा एवं बिहियां में एस्वेस्टस फैक्ट्री अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एस्वेस्टस फैक्ट्रियों से होने वाले प्रदूषण के चलते मिसोथेलियोमा, फेफड़े का कैंसर और एस्बेस्ट्रॉसीस नामक बीमारी होती है जो स्वास्थ्य के लिये घातक है ;

(3) क्या यह बात सही है कि एस्वेस्टस फैक्ट्रियों के प्रदूषण से होने वाले नुकसान के चलते 55 देशों से तथा भारत में हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र प्रान्त से हटाया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बिहार में ऐसे जानलेवा फैक्ट्रियों को लगाने का क्या औचित्य है ?

---

## निर्माण करना

*3356. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत भलुआ ग्राम में प्राथमिक विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय का अपना भवन नहीं होने के कारण विद्यालय भलुआ ग्राम के सामुदायिक भवन में चलता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक विद्यालय के लिये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों, नहीं ?

---

## पूर्ण करना

*3357. श्रीमती उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पालीगंज में एक स्टेडियम का निर्माण 2009 से हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 से स्टेडियम का निर्माण कार्य बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम के अधूरे कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

* 3358. श्री श्याम बिहारी राम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के चैनारी प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, चेनारी आज भी राम दुलारी चेनारी उच्च विद्यालय के भवन में चलता है जिससे दोनों विद्यालयों के छात्र–छात्राओं का पठन–पाठन कार्य बाधित होता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्रोजेक्ट विद्यालय, चेनारी का भवन निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

* 3359. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि संकुल संसाधन केन्द्र का गठन 40 शिक्षकों की संख्या पर होना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड में 623 शिक्षक हैं तथा वर्ष 2006 से मात्र 6 संकुल संसाधन केन्द्र संचालित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में निर्धारित अनुपात में 10 नये संकुल संसाधन केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 3360. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड एवं परसौनी प्रखंड तथा शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड में दलित विकास मिशन योजना के तहत दलितों की बस्ती में सामुदायिक भवन का निर्माण पिछले दो वर्षों से नहीं किया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में दलित विकास मिशन योजना के तहत दलितों की बस्ती में सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

* 3361. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखंड के नवसृजित प्रा० वि०, खैरा, मलाही टोला के सामने पोखरा होने के कारण आवागमन अवरुद्ध है तथा विद्यालय विगत एक वर्ष से बंद है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के बच्चों को आने–जाने हेतु पहुँच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*3362. श्रीमती कविता कुमारी—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला मुख्यालय में बस/टैक्सी स्टैण्ड नहीं है, किन्तु जिला परिषद द्वारा टेंडर कर बस टैक्सी स्टैण्ड के नाम पर अवैध रूप से वसूली की जाती थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार मोटर नियमावली, 1992 के नियम–191 के तहत बगैर अधिसूचित हुए बंदोबस्त होने के कारण उक्त बस टैक्सी स्टैण्ड को समाहर्त्ता, सीवान द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2007 को बंद करवा दिया गया था जिसे जिला परिषद् द्वारा पुनः उक्त नियमावली के विपरीत टेंडर कर विगत 3 वर्षों से वसूली की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बस स्टैण्ड के टेंडर रद्द करते हुए उक्त नियमावली के तहत बस स्टैण्ड का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*3363. मौ० आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु प्रत्येक प्रखंड में बालिका छात्रावास के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2012–13 में 2500 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कस्बा प्रखंड, जलालगढ़ प्रखंड एवं श्रीनगर प्रखंड तथा कैनगर प्रखंड में उक्त योजना के तहत बालिका छात्रावास निर्माण की योजना अभीतक स्वीकृत नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में उक्त योजना के तहत छात्रावास निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*3364. डॉ० कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खिजर सराय प्रखंड के हेमारा पंचायत में बालचन्द बिगहा में प्राथमिक विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम बालचन्द बिगहा की आबादी 600 है तथा 2 कि० मी० की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय अवस्थित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खिजर सराय प्रखंड के हेमारा पंचायत के ग्राम बालचन्द बिगहा में प्राथमिक वि० खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*3365. श्री गोपाल जी ठाकुर—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर नगर परिषद् क्षेत्र स्थित जननायक कर्पूरी, बाबा नागार्जुन स्टेडियम के जीर्णोद्धार हेतु प्राक्कलन सहित प्रस्ताव जिला पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा जून 2012 को विभाग में भेजा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक स्टेडियम का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार स्टेडियम का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*3366. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के लोकमानपुर मध्य विद्यालय उत्क्रमित होने की पात्रता रखता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*3367. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान–सभा क्षेत्रान्तर्गत अस्थावां, बिन्द, सरमेरा, कतरी सराय प्रखंड मुख्यालयों से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस सुविधा नहीं रहने के कारण वहां के यात्रियों को पटना मुख्यालय आने–जाने में असुविधा हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार अस्थावां विधान–सभा क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालयों से पटना राजधानी आने–जाने हेतु बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों का परिचालन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*3368. श्री राम सेवक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान–सभा के अन्तर्गत नगर पंचायत मीरगंज के वार्ड नं० 1 एवं वार्ड नं० 16 में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय चल रहा है तथा दोनों विद्यालयों का अपना भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

महाविद्यालय खोलना

*3369. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज मुस्लिम अल्पसंख्यक बहुल जिला है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला में मुस्लिम महिलाओं के लिए एक भी प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त जिला के ठाकुरगंज प्रखंड में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण करना

*3370. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी प्रखंड अंतर्गत ध्रुव लखौरा पंचायत के उ०म०वि० बालक, प्रा०म०वि० बिचला टोला एवं बहुअरी पंचायत के उ०म०वि० में गुणवत्ता विहीन भवन निर्माण की प्रक्रिया में है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण की लंबित कार्य को गुणवत्ता पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 3371. श्री विक्रम कुंवर---क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के रघुनाथपुर प्रखंडान्तर्गत पंजवार पंचायत में नया प्राथमिक विद्यालय, बड़की बारी सहित तीन अन्य विद्यालय हैं, जिसमें 433 छात्र–छात्राएँ हैं और 16 शिक्षक हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि 35 छात्र–छात्राओं पर 1 शिक्षक का नियोजन करना है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रखंड शिक्षा पदा0 के आदेश को दर किनार करते हुए जिला प्रोग्राम पदा0 (स्थापना) ने 26 शिक्षकों को नियोजन करने का आदेश दिया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र से ज्यादा शिक्षक अनुपात नियोजन करने वाले दोषी पदा0 पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

* 3372. श्री प्रदीप कुमार---क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने बाल विकास परियोजना द्वारा वर्ष 2011–12 में पूरे प्रदेश के सभी वार्डों में आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापित करवाने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावाँ प्रखंड में चालू आँगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या मात्र 62 है, जबकि वार्डों की संख्या 222 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पकरीवरावाँ प्रखंड के सभी वार्डों में आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 3373. श्री अरूण शंकर प्रसाद---क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बता सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के मध्य विद्यालय, धमियापट्टी को वर्ष 2011–12 में उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय का दर्जा दिया गया, किन्तु भूमि के अभाव में भवन का निर्माण नहीं हो सका है, जबकि उक्त विद्यालय के बगल में सरकारी जमीन जिसका खाता नं0 588, खेसरा नं0 7 1696, रकबा 4 कट्ठा उपलब्ध है, जो अतिक्रमित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सरकारी अतिक्रमित भूमि को खाली कराने हेतु ग्राम पंचायत, राज रजौली द्वारा दिनांक 21 मई, 2012 को अंचलाधिकारी, जयनगर को आवेदन दिया गया जिसे अंचलाधिकारी ने अपने पत्रांक 1601 के द्वारा जिला पदाधिकारी, मधुबनी को अपने मंतव्य के साथ समर्पित कर दिया, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नही की जा सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराकर उच्च विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण करना

* 3374. डॉ0 मो0 जावेद---क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बता सही है कि किशनगंज विधान–सभा अन्तर्गत पोठिया प्रखंड के रतनपुर उच्च विद्यालय में अतिरिक्त चार कमरा एवं चहारदीवारी का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल 2, किशनगंज द्वारा कराया गया है जिसका निर्माण दिसम्बर 2000 से शुरू हुआ, परन्तु अबतक खिड़की का छज्जा एवं रेलिंग का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर 10+2 के छात्रों के पठन–पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन का निर्माण पूरा कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

* 3375. श्री गोपाल जी ठाकुर—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमंडल मुख्यालय एवं बिरौल अनुमंडल मुख्यालय में एक भी अनुसूचित जाति एवं महादलित के लिए आवासीय विद्यालय नहीं रहने के कारण उक्त वर्ग के छात्र एवं छात्राएँ इसके लाभ से वंचित हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अनुमंडल मुख्यालय बेनीपुर एवं बिरौल में अनुसूचित जाति एवं महादलित जाति के लिए आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बहाल करना

* 3376. श्रीमती मीना द्विवेदी—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण का अनुमंडल मुख्यालय, अरेराज पर्यटकों के भ्रमण का प्रमुख स्थल है, परन्तु बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा उक्त स्थल के लिए बस नहीं चलाने के कारण पर्यटकों तथा यात्रियों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस की सेवा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 3377. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत हेमकुंज उच्च विद्यालय, किसनपुर में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण पशुओं के अबाध आवागमन से क्षतिग्रस्त मैदान खेल–कूद के लिए उपर्युक्त नहीं रह जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानान्तरित करना

* 3378. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि घनी आबादी तथा आवागमन सड़कों से चिमनी भट्ठा 150 मीटर दूर रखने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला के लखीसराय से मुंगेर जानेवाली सड़क एन० एच० 80 के किनारे ईंट भट्ठा स्थापित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लक्खीसराय से मुंगेर एन०एच० 80 के किनारे अवस्थित ईंट भट्ठा को सड़क से 150 मीटर दूर स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लाभ देना

*3379. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बी०पी०एल० परिवारों के लिए कन्या विवाह योजनान्तर्गत दी जानेवाली राशि का लाभ सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड में आवंटन के बावजूद वित्तीय वर्ष 2009-10, 2010-11, एवं 2011-12 के लगभग 1000 परिवारों को नहीं मिल पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सोनपुर प्रखण्ड के सभी लाभार्थियों को कन्या विवाह योजना का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण करना

*3380. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली प्रखण्डान्तर्गत मध्य विद्यालय, तिलई एवं मध्य विद्यालय, अमेठी का वर्ष 2009 में उत्क्रमण के पश्चात् अभीतक भवन निर्माण नहीं किये जाने से छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

संपादित करना

*3381. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के प्रधान लिपिक का तबादला 6 माह पूर्व समस्तीपुर जिले के खानपुर प्रखण्ड बाल विकास परियोजना कार्यालय में कर दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रधान लिपिक के द्वारा प्रभार नहीं सौंपने के कारण प्रखण्ड में बी०पी०एल० परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजनाओं के जमा किये गये प्रपत्रों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है जिस कारण लाभुकों लाभ से वंचित हो गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रधान लिपिक से प्रभार दिलाकर मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना का कार्य सम्पादित कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*3382. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 5 कि०मी० की दूरी पर एक उच्च विद्यालय का निर्माण कराने का सरकारी प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के गौनाहां प्रखण्डान्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, तुरकौलिया से 7 कि०मी० की दूरी पर उ०वि० बेलसंडी एवं 12 कि०मी० की दूरी पर गुट्टीलाल उ०वि० रामनगर अवस्थित होने से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी असुविधा होती हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि राजकीय मध्य विद्यालय, तुरकौलिया के अधीन 5 एकड़ जमीन उपलब्ध है और उच्च विद्यालय में उत्क्रमण की सभी शर्तों को पूरा करता है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चयन करना

*3383. श्री परमानन्द ऋषिदेव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखण्ड में अट्ठाइस, भरगामा प्रखण्ड में सताईस, नरपतगंज प्रखण्ड में तेईस, कुर्सा काँटा प्रखण्ड में नौ, सिकटी में ग्यारह आँगनबाड़ी सेविका का पद रिक्त है, यदि हां, तो सरकार उक्त रिक्त पद पर चयन करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्त करना

*3384. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कन्हाई साह दुलालचन्द बालिका उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय, कसबा, रोमता उच्च विद्यालय, जलालगढ़ उच्च विद्यालय, चम्पानगर में प्रधानाध्यापक का पद दो वर्षों से रिक्त है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों में प्रधानाध्यापक को प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुधार करना

*3385. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के नगर पंचायत मीरगंज के वार्ड नं० एक में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, हरखौली का संचालन होता है, इस विद्यालय, में छात्रों की संख्या भी अच्छी है परन्तु नियोजित शिक्षक एक भी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि नियोजित शिक्षक के स्थान पर एक प्रतिनियोजित शिक्षक द्वारा विद्यालय का पठन-पाठन कराया जाता है । प्रतिनियोजित शिक्षक अधिकांश सरकारी कार्य हेतु विद्यालय से बाहर रहते हैं जिससे पठन-पाठन की प्रक्रिया बाधित हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त विद्यालय में दो नियोजित शिक्षक की नियुक्ति कर पठन-पाठन में सुधार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

लाभ दिलाना

*3386. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के वैशाली जिला में नियोजित शिक्षकों का मानदेय की वृद्धि की राशि का भुगतान जुलाई, 2009 से लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिले में नियमित शिक्षकों को भी प्रोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है जबकि दूसरे जिले के नियमित शिक्षक प्रोन्नति का लाभ प्राप्त कर रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या इसके लिए दोषियों पर कार्रवाई करते हुए शिक्षकों के वेतनवृद्धि का लाभ एवं प्रोन्नति का लाभ दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पूर्ण करना

*3387. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा--क्या मंत्री, (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के चेरिया बरियारपुर के तत्कालीन विधायक ने एम०आर०डी० इन्टर कॉलेज, मंझौल को वर्ष 2009 में दो कमरे निर्माण की अनुशंसा की थी;

(2) क्या यह बात सही है कि कमरे का निर्माण आज भी अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय के कमरे का निर्माण पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*3388. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड कोचाधामन में पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी के सेवा की वापसी इनके पैतृक विभाग अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग को दिसम्बर, 2012 में ग्रामीण विभाग द्वारा कर दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा इन्दिरा आवास आवंटन में अनियमितता के फलस्वरूप उप-विकास आयुक्त, किशनगंज द्वारा गठित प्रपत्र "क" ज्ञापांक 896, दिनांक 5 जुलाई, 2012 के आधार पर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सेवा वापसी की कार्रवाई की गई है, किन्तु वे अब भी कोचाधामन प्रखंड में पदस्थापित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी को अविलम्ब निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुक्त करना

*3389. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग की अधिसूचना सं०149, दिनांक 19 जनवरी, 2011 द्वारा तत्कालीन अवर निबंधक, खगड़िया को निलंबित किया गया था तथा दो वर्ष के बाद भी निलंबन मुक्त नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि संकल्प सं० 11/एम (रा) जे०एस० 610/2009-1049, अनु०, दिनांक 5 अप्रील, 2011 के आलोक में विभागीय जाँच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग ने दिनांक 30 अगस्त, 2012 को अपने निष्कर्ष में आरोपित पदाधिकारी के विरुद्ध कोई भी आरोप प्रमाणित नहीं होने के कारण निर्दोष पाया है, परन्तु अभीतक विभाग द्वारा आरोपित पदाधिकारी को निलंबन से मुक्ति की कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभागीय जाँच आयुक्त के मंतव्य के आलोक में आरोपित पदाधिकारी को निलंबन मुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रद्द करना

*3390. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सर्व शिक्षा अभियान द्वारा राज्य के प्रत्येक प्रखंडों में एक-एक उत्प्रेरण केन्द्र खोला गया है तथा उत्प्रेरण केन्द्रों के लिए 3 पदों पर अनुबंध पर नियोजन किया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि ढाका प्रखंड के उत्प्रेरण केन्द्र म० वि० जलवलिया एवं घोड़ासहन प्रखंड के म० वि० लैन सहित राज्य के सभी प्रखंडों में समाचार-पत्रों में विज्ञापन निकाल कर नियोजन की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्प्रेरण केन्द्र के लिए अनुबंध पर नियोजन की अनियमितता पूर्ण प्रक्रिया को रद्द करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार करना

*3391. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा स्थित राजकीय पोलिटेकनिक भवन के भवन जीर्णोद्धार के अभाव में जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पोलिटेकनिक के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*3392. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत विहपुर विधान-सभा क्षेत्र के सतरह (17) उच्च विद्यालयों को वर्ष 2010 में 10+2 में उत्क्रमित किया गया था, लेकिन इनमें विषयवार शिक्षक की प्रतिनियुक्ति आजतक नहीं की गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों में विषयवार शिक्षक नहीं रहने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में असुविधा के साथ शिक्षण कार्य बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*3393. डॉ० कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खिजरसराय प्रखंड में हेमारा पंचायत में कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि हेमारा पंचायत के ग्राम खुदई में कन्या उच्च विद्यालय खोलने के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खिजरसराय प्रखण्ड में हेमारा पंचायत के ग्राम खुदई में कन्या उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*3394. श्री रामलषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड की जलसैन पंचायत के मदनपट्टी ग्राम में राजकीय मध्य विद्यालय में वर्ग 1 से 8 तक की कक्षा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 478 है जिनमें कक्षा आठ में छात्राओं की सं० 67 एवं छात्रों की संख्या 59 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वि० के उत्तर में उ०वि० मदनेश्वर स्थान, दक्षिण में उ०वि० खरौआ, पूरब में उ०वि० वेल मोहन तथा पश्चिम में उ०वि० अंधराठाढ़ी की दूरी क्रमश: 9,9,8 एवं 7.5 कि०मी० है जिस कारण छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई करना कठिन है;

(3) क्या यह बात सही है कि श्री योगेन्द्र यादव भास्कर एवं श्री राजेन्द्र यादव ने उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने हेतु ढाई एकड़ जमीन गवर्नर के नाम निबंधित कर दी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार छात्र हित में उक्त विद्यालय को उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*3395. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले के तरियानी प्रखंडान्तर्गत सोनवर्षा पंचायत के औरा गाँव के मध्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या 5,000 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय की भवन की स्थिति जर्जर एवं कमरों की संख्या कम है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में 2 नया कमरा, शौचालय एवं चाहरदीवारी (गेट-ग्रिल सहित) निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजना बनाना

*3396. श्री दिनेश कुमार सिंह--हिन्दी दैनिक में प्रकाशित 'राजेन्द्र बाबू के समाधि स्थल की दुर्दशा' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि महापुरूषों की समाधि स्थल एवं जन्म स्थल के रख-रखाव के लिए कोई योजना नहीं है जिससे पटना जिला के गंगा घाट स्थित राजेन्द्र बाबू के समाधि स्थल का रख-रखाव नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राजेन्द्र बाबू के समाधि स्थल के रख-रखाव की योजना बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*3397. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड में कस्तूरबा बालिका विद्यालय भवनहीन है, वर्तमान में विद्यालय बी०आर०सी० भवन में चल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार कस्तूरबा बालिका विद्यालय, काशीचक का भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*3398. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग, बिहार के ज्ञापांक 241, दिनांक 3 अप्रील, 2012 द्वारा अधिसूचित बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक (नियोजन एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2012 की कंडिका 15 (ख) के अनुसार नियोजित पंचायत/प्रखंड प्रशिक्षित शिक्षकों के वेतन में तीन वर्ष पर देय 500 रु० वेतन वृद्धि की जगह अब प्रत्येक वर्ष 170 की वेतन वृद्धि का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षक नियोजन नियमावली, 2006 के तहत नियोजित प्रशिक्षित पंचायत/प्रखंड शिक्षकों को विभाग के स्पष्ट मार्गदर्शन के अभाव में अभीतक तीन वर्ष पर उनके वेतन में हुई 500 रु० एकमुश्त वृद्धि के बाद चौथे वर्ष से मिलने वाले 170 रु० की वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियोजित शिक्षकों के वेतन वृद्धि देने के संबंध में सभी नियोजन ईकाईयों को स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

कार्रवाई करना

*3399. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले में निबंधित ईंट भट्ठों की संख्या वर्ष 2009-10 में 207, वर्ष 2010-11 में 188, वर्ष 2011-12 में 160 है, जबकि 400 से अधिक ईंट भट्ठे का संचालन पूर्वी चम्पारण में अवैध रूप से हो रहा है, जिससे राजस्व की क्षति हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों को बन्द कर दोषी व्यक्तियों/पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*3400. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत सत्य नारायण उच्च विद्यालय, गुआगाछी में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण पशुओं के अबाध आवागमन से स्कूल का मैदान क्षतिग्रस्त हो जाता है और विद्यार्थियों को पढ़ने एवं खेलने में असुविधा होती है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त मैदान की चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*3401. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 22 दिसम्बर, 2012 अंक में छपी खबर ''शराब का काला कारोबार'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2005-06 में उत्पाद से प्राप्त राजस्व 320 करोड़ रुपया था जो वर्ष 2011-12 में बढ़कर 2045.31 करोड़ रुपया हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य की आबादी 10.38 करोड़ है और उत्पाद विभाग से राजस्व की प्राप्ति 2045. 31 करोड़ रुपये है जबकि आंध्रप्रदेश की आबादी 8.46 करोड़ है और वहां उत्पाद से 9827 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया जाता है तथा पंजाब की आबादी 2.77 करोड़ है और राजस्व की प्राप्ति 3190 करोड़ रुपया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अन्य राज्यों की तरह आबादी की तुलना में उत्पाद राजस्व में वृद्धि करने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है और कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

*3402. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि साक्षर भारत कार्यक्रम अन्तर्गत पूरे बिहार के 8848 पंचायतों में लोक शिक्षा केन्द्र की स्थापना की गई है, जिसमें एक प्रेरक और एक वरीय प्रेरक कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यक्रम के तहत वेतन, कार्यालय खर्च एवं अनावर्ती खर्च हेतु राशि निर्धारित है, किन्तु पिछले सोलह माह से उक्त राशि का भुगतान लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लंबित राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । बिहार में कुल 8472 पंचायत है जिसमें से 8222 पंचायतों में लोक शिक्षा केन्द्र की स्थापना की गयी है । प्रत्येक पंचायत में एक प्रेरक एवं एक वरीय प्रेरक कार्यरत हैं ।

(2) स्वीकारात्मक है । उक्त कार्यक्रम के तहत मानदेय एवं कार्यालय व्यय मद में लगभग तीन माह की राशि सभी जिलों को केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी थी । अनावर्ती मद में प्रति पंचायत 60,000 रु० के विरुद्ध 16,200 रुपये उपलब्ध करायी गयी थी । सभी जिलों में मानदेय एवं कार्यालय व्यय मद की राशि व्यय कर ली गयी है जबकि अनावर्ती राशि व्यय अधिकांश जिलों में व्यय नहीं हुआ है । जिलों में औसत 16 माह से राशि लंबित है जिसकी माँग केन्द्र सरकार से कई पत्रों, बैठकों के माध्यम से की गयी है ।

(3) उक्त कार्यक्रम के लिए 75 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार विमुक्त करती है तथा केन्द्रांश प्राप्ति के पश्चात 25 प्रतिशत राशि राज्य सरकार विमुक्त करती है । केन्द्रांश की राशि की माँग भारत सरकार से की गयी है । लंबित राशि का भुगतान केन्द्र सरकार से राशि प्राप्ति के पश्चात ही किया जा सकेगा ।

नामाकरण करना

*3403. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत परैया प्रखंड के ललन स्मारक मध्य विद्यालय कपसिया का सरकारीकरण सन् 1974 में उपरोक्त नाम से हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि ललन स्मारक मध्य विद्यालय के नाम से 1.71 डिसमिल रजिस्ट्री कर सरकार को सुपुर्द किया है सन् 1974 से 1989 तक उपरोक्त नाम से विद्यालय का सरकारी कार्य संचालित हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 1989 के बाद इसका नाम विभागीय गलती के कारण राजकीयकृत मध्य विद्यालय कपसिया कर दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का नाम ललन स्मारक मध्य विद्यालय कपसिया करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थापित करना

*3404. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी अनुमंडल में अभीतक एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बायसी अनुमंडल के चरैया में डिग्री कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध है जो विधिवत् कॉलेज के लिए आवंटित है, परन्तु अभीतक उस पर डिग्री कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चरैया में उक्त भूमि पर डिग्री कॉलेज स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*3405. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के पत्र पत्रांक 453, दिनांक 25 मई, 2012 द्वारा माननीय मंत्री, कला, संस्कृति विभाग से भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया प्रखंड के सती महथिन माई मन्दिर एवं शाहपुर प्रखंड के कुंड़वा शिव मंदिर बिलौटी, शिव स्थान मन्दिर भीमपट्टी को जीर्णोद्धार करने हेतु अनुरोध किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के पत्र पर माननीय मंत्री, कला, संस्कृति विभाग के पत्रांक 294, दिनांक 29 मई, 2012 द्वारा प्रधान सचिव कला, संस्कृति विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र भेजा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों स्थलों का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस का परिचालन

*3406. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला मुख्यालय जो सम्प्रति कमिश्नरी का दर्जा विगत 10 वर्षों से प्राप्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुंगेर से राज्य के सभी जिलों को जोड़ने वाली बसें 1990 से पूर्व राज्य पथ परिवहन निगम की बसें चला करती थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि आज मात्र मुंगेर पथ परिवहन निगम के डिपो से मात्र चार बसें ही बेगूसराय, पूर्णियाँ, बिहारशरीफ की ही चलती है, तथा उक्त कमिश्नरी से जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, खगड़िया एवं बाँका जिला की बसें नहीं चलाये जाने की वजह से कमिश्नरी मुंगेर आने-जाने में आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुंगेर कमिश्नरी के जिलों को जोड़ने हेतु राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*3407. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग ने उच्च विद्यालय, गोड़ारी में स्टेडियम निर्माण हेतु राशि आवंटित की थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में पहले से स्टेडियम निर्मित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि तेलारी उच्च विद्यालय, रेडिया में स्टेडियम निर्माण कराने हेतु भूमि उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उच्च विद्यालय, रेडिया (तेलारी) की भूमि पर स्टेडियम निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*3408. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज नगर पंचायत अन्तर्गत ठाकुरगंज क्लब मैदान में प्रत्येक वर्ष कला एवं खेल-कूद से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मैदान में कोई कला मंच नहीं है, जिसके कारण आयोजकों को कार्यक्रम में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त मैदान में कला मंच निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 2 अप्रील, 2013 (ई०) ।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु०(एल०ए०), 289-डी०टी०पी0-450